महत्वपूर्ण एवं खास

कौंहाकुण्डा स्थित शराब दुकान को हटाने महिलाओं ने मोर्चा खोल

रायगढ़। पहाड़ मंदिर पंडरीपानी रोड स्थित कोड़ीपारा में संचालित शराब दुकान को लेकर क्षेत्र की महिलाओ ने मोर्चा खोल दिया है। महिलाओं ने शराब दुकान का स्थल परिवर्तन करने की मांग को लेकर डिप्टी कलेक्टर रिचा शर्मा को ज्ञापन सौंपा है। महिलाओं का कहना है कि शराब दुकान में आने वाले शराबियों के द्वारा महिलाओं से छेड़खानी की जाती है।

वहीं कई बार लुटपाट की घटना को भी अंजाम दिया जाता है। जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। महिलाओं ने इस शराब दुकान को हटाने की मांग की है। वहीं महिलाओं का कहना है कि यदि प्रशासन उनकी मांगों को गंभीरता पूर्वक नहीं लेती है और इस दिशा में किसी प्रकार से कार्यवाही नहीं होती है तो महिलाओं के द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

भव्य आरती के साथ अग्र जयंती के सांस्कृतिक उत्सव का शुभारंभ

रायगढ़। नगर में श्री अग्रसेन जयंती महाउत्सव में गुरुवार को अग्रोहा भवन मे महाराजा श्री अग्रसेन की आरती के साथ इनडोर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज किया गया।सुबह 9 बजे आरती में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ सुशील गुप्ता (दिल्ली) भी शामिल हुए। महाराजा की आरती की और समाज को संबोधित करते हुए कहा कि मै बहुत जगह आरती में शामिल हुआ पर यहाँ पर आरती और मंत्र उच्चारण देख कर दिल गद-गद हो गया। उन्होंने रायगढ़ अग्रसमाज की प्रशंसा की। आरती का संचालन प्रतिवर्ष की तरह रामकुमार बंसल, पुरषोत्तम अग्रवाल ,जगदीश अग्रवाल, रतन केड़िया, नर्सिंग केड़िया, ललित बोंडिया, संतोष अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल ने किया।

श्री अग्रसेन सेवा संघ के प्रवक्ता प्रकाश निगानिया ने बताया कि आज आरती के साथ संस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ जिसमें प्रथम प्रतियोगिता पुष्पाहार रखी गयी। जिसमे 30 से अधिक सुंदर-सुंदर मालाये समाज के लोगो ने बनाई जिसे महाराजा श्री अग्रसेन की प्रतिमा पर अर्पण किया गया। पुष्पाहार प्रतियोगिता में रश्मि बंसल ने प्रथम, विवेक बंसल दूसरा और अवनी बंसल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालक बालिका दौर नटवर स्कूल में रखी गयी जिसमे 7 से 10 वर्ष में मानव सराफ, श्रेष्ठ केड़िया, अमन दिलीप अग्रवाल बालक 14 वर्ष तक में देव सराफ, शुभम निगनिया,प्रथम अग्रवाल और बालिका 14 वर्ष तक में आर्या अग्रवाल, श्रीजी अग्रवाल, तीसरे में दो पायल अग्रवाल, स्तुति गर्ग ने क्रमशः पहला दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।

लारा-संघर्ष के 200 दिन पूरे

भू-विस्थापित किसानो को संघर्ष की जरूरत क्यों?, एनटीपीसी प्रबंधन और प्रशासन के गैर जिम्मेदारी की हो रही किरकिरी

रायगढ़। छत्तीसगढ़ के साथ पूरे देश में चर्चा का विषय बनने वाली एनटीपीसी लारा परियोजना प्रभावितों का हड़ताल आज अपने रिकॉर्ड 200 दिन तक पहुंच गया। 20 मार्च से शुरू हुआ आंदोलन धीरे-धीरे करते हुए सारे रिकॉर्डों को तोड़कर लगातार 200 दिन तक पहुंचने वाली छत्तीसगढ़ का देश का सबसे लंबा हड़ताल है। परंतु यह लंबा हड़ताल प्रजातंत्र राष्ट्र भारत में एक चिंतन का विषय भी है, जमीन खो चुके किसानों को आज इतना लंबा हड़ताल करने की जरूरत क्यों पड़ी? इतने लंबे हड़ताल पर किसी भी प्रकार का मांगों का पुरा न होना विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्रिक देश के बुनियादी अस्तित्व पर सवाल उठाता है?। गांधीवादी शांतिपूर्ण आंदोलनों के महत्व पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा करने वाला यह आंदोलन आज हर किसी से यह सवाल कर रहा है कि क्या आज शांतिपूर्ण आंदोलनों महत्व समाप्त होते जा रहा है। क्या आज शांतिपूर्ण आंदोलन को होय की दृष्टि से देखा जा रहा है? आज खेती करने वाले किसान से लेकर जमीन छीन चुके किसानों को अपने हक के लिए किस कदर जान देना पड़ रहा है। यह किसानों की स्थिति को देखकर पता लगाया जा सकता है। जहां अन्न उगाने वाला किसान दिल्ली तक प्रदर्शन कर रहा है, वहीं अपनी जमीन खो चुके किसान भी आंदोलन के लिए मजबूर है। जमीन मे खेती किसानी कर रहे विस्थापित आज अपने परिवार का पालन पोषण करने के लिए भी असमर्थ है। फर्जीपुनर्वास नीति बनाकर भू-विस्थापितों को ठगने वाली कंपनी और उसको शरण देने वाले प्रशासन ने विस्थापितों को मरने के लिए मजबूर कर दिया है। सबसे लंबा चलने वाला आंदोलन आज किसानों की यथास्थिति को स्पष्ट प्रकट करता है। लेकिन क्या एनटीपीसी प्रबंधन और प्रशासन अपनी जिम्मेदारियां भूल चुके हैं? क्या केवल जमीन अधिग्रहण तक प्रशासन का और एनटीपीसी प्रबंधन का किसानों के साथ संबंध था? पुनर्वास नीतियों का आदेश पारदर्शिता पुर्ण पालन करने की जिम्मेदारी किसकी बनती है? इन सब प्रश्नो का जवाब देने वाला आज कोई नहीं है? शांतिपूर्ण आंदोलन करने वाले भू-विस्थापित किसानों के हाथ खाली है। जमीन खोने के बाद भी उन्हें आज न्याय नहीं मिला। उनकी जमीन का मुआवजा पुनर्वास का लाभ और अन्य कई मामलों का निपटान आज तक नहीं हुआ। एनटीपीसी प्रबंधन ने एक तिहाई भू-विस्थापितों को पुनर्वास लाभ देकर आज शेष बचे विस्थापितों के साथ सौतेला व्यवहार किया। वहीं प्रशासन के अधिकारियों के गलत निर्णयों

ने भू-विस्थापितों को कहीं के लायक नहीं छोड़ा। जब भू-विस्थापितों ने अपने हक के लिए आवाज उठाया तो उनको जेल भेज दिया गया। 200 दिन का हड़ताल आज विस्थापितों के साथ किए गए अन्याय की कहानी कहता है। आंदोलन करने वाले विस्थापितों के 200 दिन पूरे होने पर दिल्ली से आए राज्य सभा सांसद डॉ. सुशील कुमार गुप्ता ने मुलाकात किया। वे पिछले दिन धरना स्थल पर भी पहुंचे थे। उन्होंने एक आम आदमी की हैसियत से प्रशासन और प्रबंधन से कई प्रश्न पूछे। विस्थापितों का हौसला बढ़ाया और यह कहा कि अब लड़ाई राष्ट्रीय स्तर पर लड़ी जाएगी और मैं आप की बात प्रधानमंत्री और ऊर्जा मंत्री तक पहुंचाऊंगा। आज का 200 दिनो का आंदोलन पूरे देश से से यही पूछता है कि भू-विस्थापितों का कसूर क्या है?

प्रदेश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है जरूरत है उन्हें निखारने की-कलेक्टर

18 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा समापन समारोह

जशपुर, रायगढ़ व रायपुर जोन का रहा दबदबा

रायगढ़। रायगढ़ स्टेडियम में आज चार दिवसीय 18 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन समारोह किया गया। यह प्रतियोगिता 1 से 4 अक्टूबर तक आयाजित किया गया था। जिसमें 11 जोन के लगभग 1741 खिलाड़ी एवं कोच शामिल हुए थे। खेल प्रतियोगिता में 14, 17 एवं 19 वर्ष के बालक-बालिकाओं के लिए क्रिकेट, टेबिल टेनिस, रोल बाल, थाई बाक्सिंग, च्वाईक्रान्डो को शामिल किया गया था। कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी ने 18 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन अवसर पर खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। कोने-कोने में खिलाड़ी छिपे हुए है, जरूरत है तो उन खिलाडियों को निखारने की। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा खिलाड़ियों को खेल क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए अच्छी सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है, ताकि उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिल सके। उन्होंने सभी खिलाड़ियों और कोच को खेल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी। साथ ही खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी रूझान लाने की जरूरत है।

18 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता विजयी खिलाड़ियों में - टेबल टेनिस बालक 14 वर्ष वर्ग में प्रथम स्थान-रायपुर जोन, द्वितीय-दुर्ग एवं तृतीय बिलासपुर जोन रहा। टेबल टेनिस बालक 17 वर्ष में प्रथम-रायपुर जोन, द्वितीय-जशपुर, रायगढ़ जोन एवं तृतीय-दुर्ग जोन रहा। टेबल टेनिस 19 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम-रायपुर जोन, द्वितीय-जांजगीर-चाम्पा एवं तृतीय-बिलासपुर जोन रहा। टेबल टेनिस बालिका 14 वर्ष में प्रथम-राजनांदगांव, द्वितीय-रायपुर एवं तृतीय दुर्ग जोन रहा। टेबल टेनिस बालिका 17 वर्ष में प्रथम-बिलासपुर, द्वितीय-रायपुर एवं तृतीय-दुर्ग जोन रहा। टेबल टेनिस बालिका 19 वर्ष में प्रथम-दुर्ग, द्वितीय-कबीरधाम एवं तृतीय रायपुर जोन रहा। रोल बाल बालक 14 वर्ष में प्रथम-जशपुर, रायगढ़, द्वितीय-कबीरधाम एवं तृतीय कोरिया जोन रहा। रोल बाल बालक 17 वर्ष में प्रथम-दुर्ग, द्वितीय-रायपुर एवं तृतीय जशपुर, रायगढ़ जोन रहा। रोल बाल बालक 19 वर्ष में प्रथम-जशपुर, रायगढ़, एवं तृतीय-रायपुर जोन रहा।

रोल बाल बालिका 14 वर्ष में प्रथम-राजनांदगांव, द्वितीय-जशपुर एवं तृतीय-रायपुर जोन रहा। रोल बाल बालिक 17 वर्ष में प्रथम-रायपुर, द्वितीय-जशपुर, रायगढ़ एव तृतीय कोरिया जोन रहा। रोल बाल बालिक 19 वर्ष में प्रथम-कबीरधाम, द्वितीय-दुर्ग जोन रहा। बालिका क्रिकेट 17 वर्ष में प्रथम-जशपुर, रायगढ़, द्वितीय-दुर्ग एवं तृतीय राजनांदगांव रहा।

गांव व नगर में पानी की समस्या होगी दूर

विधायक ने निर्माणाधीन पानी टंकी का किया निरीक्षण

जल आवर्धन योजना के तहत बन रही नई पानी टंकी

रायगढ़। गर्मी के दिनों में आज भी कई गांव में पानी की समस्याएं देखने को मिलती है। पानी के लिए लोगों को कई बार इधर-उधर भटकना भी पड़ता है। ऐसे में विधायक रोशनलाल अग्रवाल ने लोगों की इस समस्याओं को काफी गंभीरता से लिया और लगातार प्रयास करते हुए जल आवर्धन योजना के तहत शहर सहित आसपास के गांव में पानी की समस्याओं को दूर करने में लग गए। जहां ग्रामीण क्षेत्र में जल आवर्धन योजना के अंतर्गत पांच पानी टंकी का निर्माण शुरू किया गया और आने वाले समय में लोगों को पानी की समस्या के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। विधायक रोशनलाल अग्रवाल के द्वारा नर्माणाधीन पानी टंकी का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता पूर्वक निर्माण कार्य करने को कहा गया है।

विदित हो कि गर्मी के मौसम में पानी को लेकर कई जगह त्राही-त्राही मच जाती है और अधिकतर ग्रामीण क्षेत्र में यह समस्या को देखने को मिलती है। ऐसे में ग्रामीणों के द्वारा पानी समस्या को दूर करने के लिए पूर्व में विधायक से मांग रखी थी। जहां विधायक रोशनलाल अग्रवाल ने मामले को गंभीरता से लिया और पानी की समस्या को दूर करने के लिए प्रयास करना शुरू कर दिए। जहां अब जल आवर्धन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में कार्य भी शुरू हो गया है। बताया जा रहा है कि इस महत्वाकांक्षी योजनान्तर्गत नगर में पेयजल आपूर्ति के लिए लगभग 368 किलोमीटर पाइप लाइन का विस्तार किया जा रहा है। इसके बाद नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी पानी की समस्याएं खत्म हो जाएगी। वहीं आज जल आवर्धन योजना के तहत बनने वाली पांच टाकियों का निरीक्षण भी विधायक रोशनलाल अग्रवाल ने किया और टंकी की गुणवत्ता व निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने के लिए भी उन्होंने कहा है। ताकि जल्द से जल्द लोगों को इसका लाभ मिलने लगे।

इतनी होगी पानी टंकी की क्षमता

जल आवर्धन योजनान्तर्गत अंतर्गत शहर के बाहरी क्षेत्रों में पांच पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा है। इसमें अमलीभौना 21 लाख लीटर, सहदेवपाली 11 लाख लीटर, विजयपुर 16 लाख लीटर, कृष्णापुर 17 लाख लीटर, बरमुड़ा 4 लाख लीटर कुल 69 लाख लीटर क्षमता वाली टंकी का निर्माण किया जा रहा है।

इसके निर्माण के बाद गांव-गांव में पानी की समस्या लगभग खत्म हो जाएगी।

लोगों की समस्याओं का हो रहा निराकरण

विधायक रोशनलाल अग्रवाल के द्वारा लगातार लोगों की समस्याओं को सून कर उनका निराकरण किया जा रहा है। रायगढ़ विधानसभा के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार विकास के कार्य किए जा रहे हैं। वहीं सरकार के द्वारा चलायी जा रही कई जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए भी विधायक लगातार प्रयासरत हैं।

जूता व्यवसायी ओमप्रकाश धारीवाल का निधन

रायगढ़। सुभाष चौक स्थित नगर की प्रतिष्ठित फर्म धारीवाल फुटवेयर के संचालक ओमप्रकाश धारीवाल (अध्यक्ष, सेन समाज रायगढ़) केवटापारा निवासी का आज प्रातः निधन हो गया। जिनकी की अंतिम यात्रा उनके केवटा पारा स्थित निवास से दोपहर 1 बजे निकाली गई व कयाघाट मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर सेन समाज रायगढ़ के पदाधिकारी कार्यकर्ता सजातिबंधु व नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और सभी ने स्व. धारीवाल को अपनी श्रद्धांजली अर्पित की।

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन "हेडलबर्ग" से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की
खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर
एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM SCHOOL
Topper Students Last Session

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
जिसने 22 वर्षों से लगातार बच्चों के सहज...

ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

Join CAREER...

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931